# अध्यक्ष, चयन समिति, कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## सूचना पत्र

क्रमांक– 01 /चयन समिति/2023, बिलासपुर दिनांक **04** अगस्त 2023

कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त सहायक ग्रेड–3 (साक्ष्य लेखक एवं सेल अमीन) के प्रवर्गवार पदों पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु लिखित परीक्षा में अर्ह पाये गये परीक्षार्थियों का कौशल परीक्षा लिये जाने के संबंध में परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

**–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–**

| पद नाम | परीक्षा का नाम | परीक्षा का दिन एवं दिनांक | परीक्षा का समय | परीक्षा स्थल |
|---|---|---|---|---|
| सहायक ग्रेड–3 (साक्ष्य लेखक एवं सेल अमीन) | कौशल परीक्षा | 12.08.2023 शनिवार | सुबह 09:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक | कुटुम्ब न्यायालय, परिसर वेयर हाऊस रोड, बिलासपुर (छ0ग0) |

**लिखित परीक्षा का परिणाम एवं कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र, जिला न्यायालय, बिलासपुर के वेबसाईट** http://districts.ecourts.gov.in/bilaspur **में अपलोड की गई है।** अभ्यर्थी उक्त वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड उपरांत प्रिन्ट कर कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होवे।

टीप:–(1) कौशल परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थी कौशल परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व अपना प्रवेश पत्र कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ0ग0) में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थी कौशल परीक्षा के दिन आवेदन पत्र में चस्पित फोटोग्राफ्स अनुसार पासपोर्ट साईज का एक रंगीन फोटोग्राफस एवं पहचान पत्र के रूप में आईडी प्रूफ (पहचान पत्र) जैसे ड्राइविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड एवं अपने अर्हता से संबंधित सभी मूल दस्तावेज (रोजगार कार्यालय का पंजीयन) लेकर परीक्षा हेतु उपस्थित होना होगा। अन्यथा कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

(2) कौशल परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थी कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने की दशा में अभ्यर्थी की अनुपस्थिति दर्ज की जावेगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(3) यदि सहायक ग्रेड–3 (साक्ष्य लेखक एवं सेल अमीन) के अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा, नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम, जिला न्यायालय, बिलासपुर के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र जिला न्यायालय, बिलासपुर के वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है, जिसका भी अवलोकन किया जा सकता है।

**टीप :– कौशल परीक्षा दिनांक 12.08.2023 (शनिवार) को अभ्यर्थी अर्हता से संबंधित सभी मूल दस्तावेज (रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र) एवं समस्त दस्तावेज की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से लेकर दस्तावेज जॉच हेतु उपस्थित होवे।**

**(माननीय प्रधान न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**सही/–**
**अध्यक्ष**
चयन समिति
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)